नवोदय

नई दिल्ली

NAVODAYA TIMES, New Delhi

टाइम्स

ABC से प्रमाणित 1,36,682 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जनवरी-जून 2018)

हार्दिक पांड्या से शादी की अफवाह पर गुस्साई बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम 14

क्रेडाई महाराष्ट्र ने ग्रेनो वेस्ट की सबसे बड़ी टाउनशिप गौड़ सिटी का किया स्टडी टूर

नोएडा, 15 फरवरी, (ब्यूरो): ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित टाउनशिप प्रोजेक्ट गौड़ सिटी में शुक्रवार को रियल एस्टेट बॉडी क्रेडाई महाराष्ट्र के 150 सदस्यों की एक टीम ने स्टडी टूर किया। जिसकी अगुवाई क्रेडाई महाराष्ट्र के प्रेसिडेंट शांतिलाल कटारिया ने की। टीम ने प्रोजेक्ट निर्माण की बारीकियां जानी। इस मौके पर गौर ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने सभी सदस्यों को प्रोजेक्ट से जुड़ी तमाम जानकारियां साझा की और सदस्यों द्वारा पूछे सवालों का जवाब भी दिया।

मालूम हो कि क्रेडाई महाराष्ट्र ने देश भर में रियल एस्टेट सेक्टर में चल रही नई गतिविधियों, तकनीकियों, अनोखे व बहुचर्चित प्रोजेक्ट्स को जानने के लिए पूरी टीम के साथ एनसीआर के कुछ चुनिन्दा प्रोजेक्ट्स का दौरा कर रही है। इसमें टाउनशिप प्रोजेक्ट्स में उन्होंने गौर ग्रुप द्वारा बनाये प्रोजेक्ट गौर सिटी को चुना है। सभी सदस्यों ने गौड़ इंटरनेशनल स्कूल में पढने वाली आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों से मुलाकात भी की। इसके साथ ही टाउनशिप में लगे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को भी उन्होंने बारीकी से समझा। सभी सदस्य इस टूर से काफी प्रभावित दिखे और उन्होंने इस टूर से मिली जानकारियों को महाराष्ट्र में अपने प्रोजेक्ट्स व व्यापार में शामिल करने की बात कही।

गौड सिटी टाउनशिप में स्टडी टूर पर आए क्रेडाई महाराष्ट्र के सदस्य।